भारतीय संसदीय ग्रुप

वार्षिक प्रतिवेदन

2017-2018

मु

ह

र

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

दिसम्बर, 2018

क्रम सं.	विषय वस्तु	पृष्ठ
1.	प्रस्तावना	
2.	कार्यकारी समिति की संरचना	
3.	कार्यकारी समिति का कोषाध्यक्ष और सदस्य	
4.	लेखापरीक्षक	

भाग-एक

अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) संबंधी कार्यकलाप		
क.	अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के तत्वावधान में आयोजित सांविधिक सभाएं	
एक	अप्रैल, 2017 में ढाका, बंगलादेश में हुई अंतर-संसदीय संघ की 136वीं बैठक	
दो	19-21 अप्रैल, 2017 को ब्रिस्बेन, क्वींसलैंड, आस्ट्रेलिया में हुई आस्ट्रेलेशियन काउंसिल ऑफ पब्लिक अकाउंट्स कमेटी की द्विवार्षिक बैठक	
तीन	25-26 अप्रैल, 2017 को कोलंबो, श्रीलंका में हुई एशिया प्रशांत क्षेत्र के युवा सांसदों की क्षेत्रीय बैठक	
चार	11-13 मई, 2017 को हो चि मिन्ह सिटी, वियतनाम में हुई एशिया प्रशांत क्षेत्र की संसदों हेतु एसडीजी संबंधी क्षेत्रीय सम्मेलन	
पांच	21-24 मई, 2017 को आबुधाबी, यूएई में हुई एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की स्थायी समिति की बैठक	
छह	1-2 जून, 2017 को जेनेवा, स्विटजरलैंड में हुई आईपीयू की तीसरी स्थाई समिति के 'को-रैप्पोटियर्स' की तत्काल कार्यकारी बैठक	
सात	26-28 जून, 2017 को सियोल, कोरिया में हुई यूरेशियन कंट्रीज पार्लियामेंट्स के स्पीकरों की दूसरी बैठक	
आठ	31 अगस्त से 2 सितम्बर, 2017 को थिम्पू, भूटान में हुई एशियाई संसदीय संघ के सामाजिक और सांस्कृतिक मामलों संबंधी स्थायी समिति की बैठक	
नौ	5-7 सितम्बर, 2017 को नुसा दुआ, बाली, इंडोनेशिया में हुई विश्व संसदीय मंच की धारणीय विकास संबंधी बैठक	
दस	14-20 सितम्बर, 2017 को मनीला, फिलीपिन्स में हुई आसियान अंतर-संसदीय सभा की 38वीं आम सभा	
ग्यारह	26-28 सितम्बर, 2017 को जेनेवा, स्विटजरलैंड में हुई (क) डब्ल्यूटीओ संबंधी संसदीय सम्मेलन की संचालन समिति का 39वां सत्र; (ख) डब्ल्यूटीओ	

	पब्लिक फोरम, 2017 के ढांचे में संसदीय सत्र; और (ग) डब्ल्यूटीओ पब्लिक फोरम, 2017 की बैठकें	
बारह	1-4 अक्तूबर, 2017 को नोम पेन्ह, कम्बोडिया में एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की प्रथम कार्यकारी परिषद् बैठक	
तेरह	4-18 अक्तूबर, 2017 को सेन्ट पीटर्सबर्ग, रशियन फेडरेशन में हुई अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 137वीं सभा	
चौदह	17-18 नवम्बर, 2017 को ओटावा, कनाडा में हुआ युवा सांसदों का चौथा वैश्विक सम्मेलन	
पंद्रह	21-24 नवम्बर, 2017 को इस्तांबुल, तुर्की में हुआ एशियाई संसदीय सभा का 10वां आरम्भिक सत्र और दूसरी कार्यकारिणी परिषद बैठक	
सोलह	27 नवम्बर, 2017 को एस्टाना, कजाखस्तान में हुआ अंतरराष्ट्रीय संसदीय सम्मेलन	
सत्रह	4 दिसम्बर, 2017 को मास्को, रशियन फेडरेशन में हुआ 'नशीले पदार्थों' के विरुद्ध सांसद सम्मेलन	
अठारह	9-10 दिसम्बर, 2017 को ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में हुआ डब्ल्यूटीओ संबंधी संसदीय सम्मेलन का 2017 का वार्षिक सत्र	
उन्नीस	24-28 मार्च, 2018 को जेनेवा, स्विटजरलैंड में हुई अंतर संसदीय संघ की 138वीं सभा	
ख	**अंतर संसदीय संघ की केन्द्रीय निधियों में अंशदान**	

भाग-दो

	राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) संबंधी आयोजन	
एक	25-28 अप्रैल, 2017 लंदन में आधुनिक दासता संबंधी यूके सीपीए एशिया प्रशांत क्षेत्रीय कार्यशाला	

दो	23-28 अप्रैल, 2017 को डार्विन, आस्ट्रेलिया में सीपीए की मध्य वर्ष कार्यकारिणी बैठक	
तीन	22-28 मई, 2017 को विटवॉटरस्रैण्ड विश्वविद्यालय, जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में संसदीय कार्य और प्रक्रिया संबंधी सीपीए आधारभूत कार्यक्रम	
चार	3-10 जून, 2017 को लंदन, यूनाइटेड किंगडम में यूके आम चुनाव के लिए यूके सीपी चुनाव मूल्यांकन मिशन	
पांच	15-21 अक्तूबर, 2017 को ओटावा में 14वां कनाडाई संसदीय सम्मेलन	
छह	1-8 नवम्बर, 2017 को ढाका, बांग्लादेश में 63वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन	
सात	8-13 जनवरी, 2018 को विक्टोरिया, सेशल्स में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का 24वां सम्मेलन	
आठ	16-19 फरवरी, 2018 को पटना, बिहार में सीपीए भारत क्षेत्र का छठा सम्मेलन	
नौ	26 फरवरी से 1 मार्च, 2018 तक लंदन में राष्ट्रमंडल सांसद फोरम	
दस	21-24 मार्च, 2018 को मॉरीशस में सीपीए कार्यकारिणी समिति की मध्य-वर्षीय बैठक	
	राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में वार्षिक अंशदान	

भाग - तीन

द्विपक्षीय आदान-प्रदान और अन्य कार्यकलाप

एक. भारत की यात्रा पर आए विदेशी संसदीय शिष्टमंडल

1.	6 से 10 अगस्त,2017 तक मैक्सिको से संसदीय शिष्टमंडल	
2.	9से 13 अगस्त, 2017 तक सेशेल्स से संसदीय शिष्टमंडल	
3.	5 से 09 फरवरी, 2018 तक चिली गणराज्य से संसदीय शिष्टमंडल	
4.	8 से 11 मार्च, 2018 तक कोरिया गणराज्य से संसदीय शिष्टमंडल	

दो. भारतीय संसदीय शिष्टमंडल की विदेश यात्रा

1.	6 से 11 जून, 2017 तक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल की मॉरिशस यात्रा	
2.	10 से 14 जुलाई, 2017 तक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल की रूसी संघ की यात्रा	

तीन. विदेशी शिष्टमंडल का संसद भवन परिसर का दौरा

चार. भारतीय संसदीय ग्रुप के तत्वावधान में समारोह/सम्मेलन और राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलि

1. राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलि
2. भारत के निवर्तमान राष्ट्रपति के लिए विदाई समारोह
3. 10 और 11 मार्च, 2018 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन आयोजित किया गया।

पांच. परिचय पत्र/फैक्स संदेश

छह. ग्रुप का पुस्तकालय

सात. अन्य देशों के साथ संसदीय मैत्री समूह का गठन

आठ. सदस्यता
नौ. निधन सूचना
दस. लेखा
ग्यारह. आयोजित बैठकें

(एक) भारतीय संसदीय ग्रुप की कार्यकारी समिति की बैठक

(दो) भारतीय संसदीय ग्रुप की वार्षिक साधारण बैठक

(तीन) पुरस्कार समिति की बैठक

(चार) संसदीय मैत्री समूह की बैठकें

(क) 2 जनवरी, 2018 को भारत-वियतनाम

(ख) 4 जनवरी, 2018 को भारत-चीन

(ग) 13 फरवरी, 2018 को भारत-रूस

(घ) 27 फरवरी, 2018 को भारत-कोरिया गणराज्य

(ड.) 8 मार्च, 2018 को भारत-मंगोलिया

परिशिष्ट-एक संसदीय मैत्री समूह की सूची
परिशिष्ट-दो 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए पावती और संदाय लेखा
परिशिष्ट-तीन 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय और व्यय लेखा
परिशिष्ट-चार 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए तुलन पत्र
परिशिष्ट-पाँच लेखा परीक्षक का प्रमाण पत्र
परिशिष्ट-छह भारतीय संसदीय ग्रुप का निवेश
परिशिष्ट-सात वर्ष 2017-18 के लिए ग्रुप की कार्यकारी समिति के महत्वपूर्ण निर्णय

भारतीय संसदीय ग्रुप

वार्षिक प्रतिवेदन

(2017-2018)

प्रस्तावना

भारतीय संसदीय ग्रुप (यहां इसके बाद 'ग्रुप' के रूप में संदर्भित) की कार्यकारिणी समिति को 1 अप्रैल, 2017- 31 मार्च, 2018 की अवधि के लिए अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। प्रतिवेदन को निम्नलिखित तीन भागों में विभाजित किया गया हैः-

भाग- एक अंतर -संसदीय संघ

भाग- दो राष्ट्रमंडल संसदीय संघ

भाग- तीन द्विपक्षीय आदान-प्रदान तथा अन्य आयोजन

2. कार्यकारिणी समिति की संरचना

अध्यक्षःलोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन वर्ष के लिए ग्रुप की पदेन अध्यक्ष के रूप में बनी रहीं।

उपाध्यक्षःलोक सभा के उपाध्यक्ष डॉ. एम.तंबिदुरई, वर्ष के लिए इस ग्रुप के पदेन उपाध्यक्ष बने रहे।

राज्य सभा के उप-सभाापति प्रो. पी.जे. कुरियन वर्ष के लिए इस ग्रुप के पदेन उपाध्यक्ष बने रहे।

महासचिवःलोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र 30 नवम्बर, 2017 तक इस ग्रुप के पदेन महासचिव बने रहे । श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव को दिनांक 1 दिसम्बर, 2017 को महासचिव नियुक्त किए जाने पर वह उस तिथि से ग्रुप की पदेन महासचिव बन गई और अब तक बनी हुई हैं।

3. कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्य

ग्रुप की कार्यकारिणी समिति का गठन ग्रुप के अध्यक्ष द्वारा 14 जनवरी, 2018 को किया गया था। इसकी संरचना निम्नवत् हैः-

कोषाध्यक्ष

श्री ओम बिरला, संसद सदस्य

सदस्य

2. श्री रमेश बैस, संसद सदस्य

3. श्री राकेश सिंह, संसद सदस्य

4. श्री अनिल शिरोले, संसद सदस्य

5. डॉ. (सुश्री) हिना विजयकुमार गावित, संसद सदस्य

6. श्री राजीव शंकरराव सातव, संसद सदस्य

7. श्री सुदीप बंधोपाध्याय संसद सदस्य

8. श्री बी.जे. पांडा, संसद सदस्य

9. श्रीमती सुप्रिया सुले, संसद सदस्य

10. श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, संसद सदस्य

11. डॉ. सत्यनारायण जटिया, संसद सदस्य(राज्य सभा)

12. श्री रणविजय सिंह जूदेव, संसद सदस्य(राज्य सभा)

13. डॉ. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे, संसद सदस्य(राज्य सभा)

14.श्री अनिल देसाई, संसद सदस्य(राज्य सभा)

15. श्री नरेश गुजराल, संसद सदस्य(राज्य सभा)

सहयोजित सदस्य

*16. डॉ. करन सिंह, पूर्व संसद सदस्य

17. श्री सीताराम येचुरी, पूर्व संसद सदस्य

18. डॉ. वल्लभभाई कथीरिया, पूर्व संसद सदस्य

19. श्री प्रदीप गांधी, पूर्व संसद सदस्य

20. श्रीमती भावना कर्दम दवे, पूर्व संसद सदस्य

*[डॉ. करन सिंह, संसद सदस्य (राज्य सभा) दिनांक 27 जनवरी, 2018 को सेवानिवृत्त होने तक कार्यकारी समिति के सदस्य रहे और 28 जनवरी, 2018 से सहयोजित सदस्य बन गए]

महासचिव

श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव

महासचिव, लोक सभा

आमंत्रिती

श्री देश दीपक वर्मा

महासचिव, राज्य सभा

4. लेखापरीक्षक मैसर्स एस.एस. कोठारी मेहता एंड कंपनी वर्ष 2017-2018 के लिए ग्रुप के लेखापरीक्षक के रूप में बने रहे।

भाग-एक

अंतर संसदीय संघ संबंधी आयोजन

क.अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की सांविधिक सभाओं और अन्य विशेषीकृत सभाओं में भारतीय संसदीय समूह का प्रतिनिधित्व

एक. अप्रैल, 2017 में ढाका, बांग्लादेश में हुई अंतर-संसदीय संघ की 136वीं बैठक

अंतर-संसदीय संघ की 136वीं सभा 01 से 05 अप्रैल, 2017 को ढाका (बंग्लादेश) में हुई। माननीय अध्यक्ष, लोक सभा, श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व और निम्नलिखित सदस्यों वाले एक शिष्टमंडल ने इस सभा में भाग लिया। श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, डॉ.(प्रो.) किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी, श्रीमती विप्लव ठाकुर, श्री अनिल देसाई, श्री नगेन्द्र सिंह, श्री राजकुमार सिंह, कुमारी सुष्मिता देव, श्री दीपक अधिकारी, सुश्री डोला सेन, श्री अनूप मिश्र, महासचिव, लोक सभा ने भी इस सभा में भाग लिया। श्री पी.सी. कॉल, संयुक्त सचिव, लोक सभा इस शिष्टमंडल के सचिव थे।

इस सभा में 'असमानताओं का समाधानः सभी के लिए गरिमा और कल्याण सुनिश्चित करना' विषय पर सामान्य वाद-विवाद हुआ। इस सभा के दौरान आईपीयू की चार समितियों की भी बैठकें हुईं और निम्नलिखित विषयों पर सत्र हुएः

क. आईपीयू शांति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी प्रथम स्थायी समिति

"संप्रभु राज्यों के आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप रोकने में संसद की भूमिका " पर मसौदा प्रारूप पर वाद-विवाद।

ख. आईपीयू की सतत विकास, वित्त और व्यापार संबंधी दूसरी स्थायी समिति

"एसडीजी में अधिकाधिक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को विशेषतः विकास के संचालक के रूप में महिलाओं के वित्तीय समावेशन के संबंध में, बढ़ावा " विषय पर मसौदा प्रारूप पर वाद-विवाद।

ग. <u>आईपीयू की लोकतंत्र और मानवाधिकार संबंधी तीसरी स्थायी समिति</u>

(i) "विविधता की साझेदारीः लोकतंत्र संबंधी सार्वभौमिक घोषणा की 20वीं वर्षगांठ " संबंधी मसौदा प्रारूप पर वाद-विवाद।

(ii) "किशोरों हेतु त्वरित कार्रवाई करें: किशोर स्वास्थ्य और कल्याण को प्रोत्साहन देने में सांसदों की भूमिका " विषय पर वाद-विवाद।

घ. <u>आईपीयू की संयुक्त राष्ट्रमंडलों संबंधी चौथी स्थायी समिति</u>

(i) "सतत विकास संबंधी युएन उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच (एचएलपीएच) के 2017 सत्र हेतु तैयारी में एसडीजी के संबंध में अनुवर्ती संसदीय कार्रवाई विषय पर वाद-विवाद।

(ii) "2017 संयुक्त राष्ट्र एचएलपीएफः बदलते विश्व में गरीबी उन्मूलन और समृद्धि को बढ़ावा " मुख्य विषय पर पैनल चर्चा।

माननीय अध्यक्ष, लोक सभा और भारतीय शिष्टमंडल की नेता ने सामान्य वाद-विवाद में भाग लिया। भारतीय शिष्टमंडल ने आईपीयू की चारों स्थायी समितियों, आईपीयू की शासी परिषद, युवा सांसद फोरम, महिला सांसद फोरम और आईपी के एशिया-प्रशांत भू-राजनीतिक समूह (एपीजी) की बैठकों में भी सहभागिता की।

श्री अनूप मिश्र, महासचिव, लोक सभा और एएसजीपी सदस्य ने सांसदों के महासचिवों के संगठन (एएसजीपी) की बैठकों में भाग लिया।

दो. 19-21 अप्रैल, 2017 को ब्रिस्बेन, क्वींसलैंड, आस्ट्रेलिया में हुई आस्ट्रेलिशियन काउंसिल ऑफ पब्लिक अकाउंट्स कमेटी की द्विवार्षिक बैठक

'आस्ट्रेलियन काउंसिल ऑफ पब्लिक अकाउंट्स कमेटी' का द्विवार्षिक सम्मेलन ब्रिस्बेन, क्वींसलैंड (आस्ट्रेलिया) में 19-21 अप्रैल, 2017 को हुआ। प्रो. के.वी.थॉमस, संसद सदस्य, लोक सभा (लोक लेखा समिति कि सभापति) और शिष्टमंडल के नेता तथा श्री अनुराग सिंह ठाकुर, संसद सदस्य ने उपर्युक्त आयोजन में भाग लिया। श्री ए.के. सिंह, अपर सचिव, लोक सभा इस शिष्टमंडल के सचिव थे।

तीन. 25-26 अप्रैल, 2017 को कोलंबो, श्रीलंका में हुई एशिया प्रशांत क्षेत्र के युवा सांसदों की क्षेत्रीय बैठक

"समावेशी और शांतिपूर्ण समाज को बढ़ावा देने और उग्र अतिवाद को रोकने में युवा सांसदों की भूमिका " विषय पर एशिया-प्रशांत क्षेत्र के युवा सांसदों की क्षेत्रक बैठक कोलंबो (श्रीलंका) में 25-26 अप्रैल, 2017 को हुई। श्री राहुल कास्वां, संसद सदस्य, लोक सभा और डॉ. हिना विजयकुमार गावित, संसद सदस्य, लोक सभा ने इस आयोजक में भाग लिया। श्री वाई.एम. कांडपाल, निदेशक, लोक सभा सचिवालय, इस शिष्टमंडल के सचिव थे।

इस बैठक के विषय में मुख्यतः निम्नलिखित सत्र थेः

(i) राजनीतिक सहभागिता के माध्यम से युवाओं को शामिल करना।

(ii) हिंसक अतिवाद और आमूल परिवर्तन के संचालक।

(iii) हिंसक अतिवाद को बढ़ावा देने वाले 'जेंडर नैरेटिव' को बदलने में युवा सांसदों की भूमिका।

(iv) हिंसक अतिवाद के सामाधान के लिए सांसद और युवा सदस्य क्या कर सकते हैं।

चार. 11-13 मई, 2017 को हो चि मिन्ह सिटी, वियतनाम में हुई एशिया प्रशांत संसदों/क्षेत्र हेतु एसडीजी संबंधी क्षेत्रीय सम्मेलन

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संसदों हेतु सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) संबंधी क्षेत्रीय सम्मेलन हो चि मिन्ह सिटी (वियतनाम) में 11-13 मई, 2017 को हुआ। श्री रतन लाल कटारिया, संसद सदस्य लोक सभा ने उपर्युक्त आयोजन में भाग लिया। श्री रजिन्दर सिंह कांबो, अपर सचिव, लोक सभा सचिवालय, इस शिष्टमंडल के सचिव थे। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने 'जलवायु परिवर्तन पर प्रतिक्रियाः एसडीजी प्राप्ति हेतु विधायकों की कार्रवाई' विषय पर वाद-विवाद में भाग लिया।

पांच. एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की स्थायी समिति की दिनांक 21 से 24 मई, 2017 के दौरान आबुधाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में हुई बैठक

एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की स्टॉफ और वित्तीय विनियमों संबंधी स्थायी समिति की बैठक 21-24 मई, 2017 तक आबुधाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में हुई। श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य, लोक सभा (सभापति, रेल अभिसमय समिति) शिष्टमंडल के अध्यक्ष तथा श्रीमती संतोष अहलावत, संसद सदस्य, लोक सभा ने उपर्युक्त आयोजन में भाग लिया। श्री पी.सी. कॉल, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे। बैठक के दौरान, भागीदारों ने एपीए स्टॉफ और वित्तीय विनियमों से संबंधित संकल्प प्रारूप पर विचार-विमर्श किया।

छह. अंतर-संसदीय संघ की तीसरी स्थायी समिति के सह-प्रतिवेदकों की मध्यवर्ती कार्यकारिणी की दिनांक 1-2 जून, 2017 के दौरान जेनेवा (स्विटजरलैंड) में हुई बैठक

अंतर-संसदीय संघ की तीसरी स्थायी समिति के सह-प्रतिवेदकों की मध्यवर्ती कार्यकारिणी की बैठक 1-2 जून, 2017 के दौरान जेनेवा (स्विटजरलैंड) में हुई। कुमारी सुष्मिता देव, संसद सदस्य, लोक सभा ने उपर्युक्त आयोजन में भाग लिया। आयोजन के दौरान, अंतर-संसदीय संघ की तीसरी स्थायी समिति की बैठक में "हमारी विविधता में भागीदारीः लोकतंत्र संबंधी सार्वभौमिक उद्घोषणा की 20वीं वर्षगांठ विषयक प्रारूप संकल्प और व्याख्यात्मक ज्ञापन पर चर्चा की गई।

सात. यूरेशियाई देशों की संसद के अध्यक्षों की 26-28 जून, 2017 के दौरान सियोल (कोरिया) में हुई दूसरी बैठक

यूरेशियाई देशों की संसद के अध्यक्षों की 26-28 जून, 2017 के दौरान सियोल (कोरिया) में दूसरी बैठक हुई। श्री सुरेश सी. अंगड़ी, संसद सदस्य, लोक सभा और

आवास समिति के अध्यक्ष ने उपर्युक्त आयोजन में हिस्सा लिया। शिष्टमंडल ने 'यूरेशियाई क्षेत्र में साझा समृद्धि हेतु अंतर संसदीय सहयोग के संवर्धन' विषय पर विचार-विमर्श हुआ।

आठ. एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों संबंधी स्थायी समिति की 31 अगस्त से 2 सितम्बर, 2017 के दौरान थिम्पू, भूटान में हुई बैठक

एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों संबंधी स्थायी समिति की 31 अगस्त से 2 सितम्बर, 2017 के दौरान थिम्पू, भूटान में हुई बैठक। डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़, संसद सदस्य ने उपर्युक्त बैठक में हिस्सा लिया। श्रीमती कल्पना शर्मा, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल की सचिव थीं। बैठक के दौरान, विभिन्न प्रारूप संकल्पों पर चर्चा हुई और इनको स्वीकार करने पर विचार किया गया।

नौ. सतत विकास के संबंध में विश्व संसदीय मंच की 5 से 7 सितम्बर, 2017 के दौरान बाली (इंडोनेशिया) में हुई बैठक

सतत विकास के संबंध में विश्व संसदीय मंच की 5 से 7 सितम्बर, 2017 के दौरान बाली (इंडोनेशिया) में हुई बैठक। माननीय अध्यक्ष, लोक सभा, श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने मंच की बैठक में हिस्सा लिया। श्री राकेश सिंह, संसद सदस्य, लोक सभा, श्री जोस के. मणि, संसद सदस्य, लोक सभा, श्रीमती रीती पाठक, संसद सदस्य, लोक सभा, श्री ला. गणेशन, संसद सदस्य, राज्य सभा और श्री अनूप मिश्र, महासचिव, लोक सभा भी शिष्टमंडल के सदस्यों में शामिल थे। श्री अजय कुमार मुंशी, निदेशक, लोक सभा सचिवालय, शिष्टमंडल के सचिव थे।

मंच ने सामयिक महत्व के कई विषयों पर विचार-विमर्श किया जिसमें समावेशी और समानतापूर्ण विकास, जलवायु परिवर्तन, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, महिला भूमि अधिकार, महिला नेताओं का योगदान, सतत विकास लक्ष्य से संबंधित मुद्दों संबंधी विधान बनाने के

पश्चात् जांच, क्षेत्रीय सहयोग आदि सहित सतत विकास लक्ष्यों पर केन्द्रित विचार-विमर्श हुआ।

आयोजन के अंत में "समावेशी विकास के माध्यम से 2030 एजेंडा हासिल करना " विषयक 'बाली उद्घोषणा' नामक उद्घोषणा को स्वीकार किया गया। हालांकि भारत ने इस उद्घोषणा को स्वीकार करने से अपने को अलग रखा।

दस. एशियाई अंतर-संसदीय सभा की 38वीं आम सभा दिनांक 14 से 20 सितम्बर, 2017 के दौरान मनीला, फिलीपींस में आयोजित

एशियाई अंतर-संसदीय सभा की 38वीं आम सभा दिनांक 14 से 20 सितम्बर, 2017 के दौरान मनीला, फिलीपींस में आयोजित की गई। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल को पर्यवेक्षक सदस्य देश के रूप में आयोजन में भाग लेने के लिए आंमत्रित किया गया। श्री गणेश सिंह, संसद सदस्य, लोक सभा के उपर्युक्त सभा में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व किया। सभा का मुख्य विषय था "सवामेशी परिवर्तन के लिए एआईपीए और आसियान की सहभागिता "। श्री अतुल कौशिक, अपर सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे।

ग्यारह. दिनांक 26 से 28 सितम्बर, 2017 के दौरान जेनेवा में (एक) डब्ल्यूटीओ संबंधी संसदीय सम्मेलन संचालन समिति के 39वें सत्र; (दो) डब्ल्यूटीओ पब्लिक फोरम, 2017 के ढांचे के अंतर्गत संसदीय सत्र; और (तीन) डब्ल्यूटीओ पब्लिक फोरम, 2017 की हुई बैठकें।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर, संसद सदस्य, लोक सभा, सभापति सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति और डब्ल्यूटीओ संबंधी संसदीय सम्मेलन के आईपीयू संचालन समिति के सदस्य ने उपर्युक्त बैठक में भाग लिया। ऊपर उल्लिखित बैठकों के दौरान, निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई-

(एक) व्यापारः बड़ी खबरों के पीछे

(दो) व्यापार मेले लगानाः संसदों का योगदान; और

(तीन) डब्ल्यूटीओ में हालिया घटनाक्रम की अद्यतन जानकारी और अर्जेंटिना में 11वें मंत्रालयी सम्मेलन की तैयारी।

बारह. एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की पहली कार्यकारी परिषद की 1 से 4 अक्तूबर, 2017 के दौरान नाम पेन्ह (किंग्डम ऑफ कंबोडिया) में हुई बैठक।

एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की पहली कार्यकारी परिषद की 1 से 4 अक्तूबर, 2017 के दौरान नाम पेन्ह (किंग्डम ऑफ कंबोडिया) में बैठक हुई। श्री राघव लखनपाल, संसद सदस्य, लोक सभा ने उपर्युक्त आयोजन में भाग लिया। श्रीमती रिमझिम प्रसाद, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय और शिष्टमंडल की सचिव के रूप में भी इस आयोजन में भाग लिया। बैठक के दौरान विभिन्न प्रारूप संकल्पों पर चर्चा की गई।

तेरह. अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की 137वीं सभा 14 से 18 अक्तूबर, 2017 के दौरान सेंट पीट्सबर्ग, एशियन फेडरेशन में हुई

अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की 137वीं सभा 14 से 18 अक्तूबर, 2017 के दौरान सेंट पीट्सबर्ग, एशियन फेडरेशन में हुई। माननीय अध्यक्ष, लोक सभा श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने सभा में हिस्सा लिया जिसमें निम्नलिखित संसद सदस्य भी शामिल थेः श्री बासवराज पाटिल, श्री अनिल देसाई, श्रीमती शशिकला पुष्पा, श्री नागेन्द्र सिंह, डॉ. हरि बाबु कंबपति, कुमारी सुष्मिता देव और श्रीमती रक्षाताई खाडसे, श्री अनूप मिश्रा, महासचिव, लोक सभा और श्री देश दीपक वर्मा, महासचिव, राज्य सभा ने भी सभा में भाग लिया। श्री अतुल कौशिक, अपर सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे।

सभा ने "अंतर-विश्वास और अंतर-जातीय संवाद के माध्यम से सांस्कृतिक बहुलवाद और शांति को प्रोत्साहन जैसे समग्र विषय पर चर्चा की। सभा के दौरान आईपीयू की चार स्थायी समितियों की भी बैठकें हुईं और निम्नलिखित विषयों पर सत्र आयोजित किए गएः

(क) <u>शांति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी आईपीयू की प्रथम स्थायी समिति</u>

(एक) "संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षा अभियानों में राष्ट्रीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई की निगरानी करने में संसद की भूमिका " के संबंध में पैनल चर्चा।

(दो) सतत विकास हासिल करने के एक माध्यम के रूप में शांति बहाली के संबंध में विशेषज्ञों के विचार सुनना।

(ख) <u>सतत् विकास, वित्त और व्यापार संबंधी आईपीयू की दूसरी स्थायी समिति</u>

(एक) सतत् विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा में निजी क्षेत्र को शामिल करने के संबंध में चर्चा;

(दो) संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, 2017 में संसदीय योगदान के संबंध में संक्षिप्त जानकारी देना;

(तीन) "उच्च स्वास्थ्य मानक हासिल करने हेतु विज्ञान और अनुसंधान के उपयोग " विषय पर पैनल चर्चा।

(ग) <u>लोकतंत्र और मानवाधिकारों संबंधी आईपीयू की तीसरी स्थायी समिति</u>

"हमारी विविधता में भागीदारीः लोकतंत्र संबंधी सार्वभौमिक उद्घोषणा की 20वीं वर्षगांठ के संबंध में प्रारूप संकल्प विषय पर विचार-विमर्श

(घ) <u>संयुक्त राष्ट्र मामलों संबंधी आईपीयू की चौथी स्थायी समिति-</u>

(एक) "अंतरराष्ट्रीय शासन में संयुक्त राष्ट्र महासभा की भूमिकाः भावी मार्ग क्या हो? " विषयक पैनल चर्चा।

(दो) "संयुक्त राष्ट्र के संसदीय आयाम- गठन के 20 वर्ष " विषयक पैनल चर्चा।

माननीय अध्यक्ष लोक सभा ने आम चर्चा में भाग लिया। भारतीय शिष्टमंडल ने आईपीयू की चार स्थायी समितियों के सत्रों, आईपीयू की प्रशासी परिषद, आईपीयू स्वास्थ्य संबंधी सलाहकार समूह, युवा सांसदों के मंच, महिला सांसदों के मंच के साथ-साथ आईपीयू के एशिया-प्रशांत भू-राजनैतिक समूह (एपीजी) की बैठकों में भी भाग लिया। सभा के अलावा ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक भी अयोजित की गई जिसमें माननीय अध्यक्ष, लोक सभा और शिष्टमंडल के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

श्री अनूप मिश्र, महासचिव, लोक सभा और श्री देश दीपक वर्मा, महासचिव, राज्य सभा (एएसजीपी के सदस्य) ने एसोसिएशन ऑफ सेक्रेटरीज जनरल ऑफ पार्लियामेंट्स (एएसजीपी) की बैठकों में भाग लिया।

चौदह. 17 से 18 नवम्बर, 2017 के दौरान ओटावा (कनाडा) में आयोजित युवा सांसदों का चौथा वैश्विक सम्मेलन।

17 से 18 नवम्बर, 2017 के दौरान ओटावा (कनाडा) में युवा सांसदों का चौथा वैश्विक सम्मेलन आयोजित किया गया। श्री प्रताप सिन्हा, संसद सदस्य; श्रीमती प्रियंका सिंह रावत, संसद सदस्य; श्रीमती कोनार्ड कोंग्कल संगमा, संसद सदस्य; और श्री मीर मोहम्मद फयाज़, संसद सदस्य ने सम्मेलन में भाग लिया। श्री दल सिंह माल्हा, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे।

ऊपर उल्लिखित सम्मेलन के दौरान, निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई।

(एक) युवाओं का प्रवसनः 21वीं सदी में प्रवास और शरण मांगना;

(दो) समावेशी प्रगति और व्यापार, पर्यावरणीय सततता और बेहतर जीवनयापन; और

(तीन) समावेशी राजनैतिक भागीदारी

आयोजन के दौरान परिणामी दस्तावेज भी स्वीकार किया गया।

पंद्रह. 21-24 नवम्बर, 2017 को इस्ताम्बुल (तुर्की) में एशियाई संसदीय सभा के दसवें प्रारंभिक सत्र तथा दूसरी कार्यकारी परिषद् की बैठक

एशियाई संसदीय सभा के दसवें प्रारंभिक सत्र तथा दूसरी कार्यकारी परिषद् की बैठक 21-24 नवम्बर, 2017 को इस्ताम्बुल (तुर्की) में हुई । एशियाई संसदीय सभा के दसवें आरंभिक सत्र का विषय 'एशिया में शांति और विकास कायम करना था' । श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य और श्री कुंवर भारतेन्द्र सिंह, संसद सदस्य ने उप बैठक में भाग लिया । श्रीमती रिमझिम प्रसाद, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय इस शिष्टमंडल की सचिव थी ।

सोलह. 27 नवम्बर, 2017 को अस्ताना, कजाखिस्तान में अंतर्राष्ट्रीय संसदीय सम्मेलन

श्री रिचर्ड हे, संसद सदस्य ने 27 नवम्बर, 2017 को अस्ताना, कजाखिस्तान में अंतर्राष्ट्रीय संसदीय सम्मेलनमें भाग लिया । यह सम्मेलन 'कजाखिस्तान के प्रथम राष्ट्रपति के दिवस' के सम्मान में आयोजित किया गया था ।

सत्रह. 4 दिसम्बर, 2017 को मास्को, रसियन संघ में आयोजित "मादक द्रव्यों के खिलाफ सांसद' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

4 दिसम्बर, 2017 को मास्को, रसियन संघ में मादक द्रव्यों के खिलाफ सांसद' संबंधी विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ । डॉ. यशवंत सिंह संसद सदस्य और श्री हरिशचन्द्र मीणा, संसद सदस्य ने भाग लिया । श्रीमती आभा सिंह यदुवंशी, संयुक्त

सचिव, लोक सभा सचिवालय इस शिष्टमंडल की सचिव थी । इस सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित उपविषयों पर चर्चाएं आयोजित की गईं :-

(एक) अवैध मादक द्रव्या के व्यापार से लड़ने के लिए विधायी विनियमन में सुधार

(दो) नशे की लतः उपचार और पुनर्वास के लिए आधुनिक दृष्टिकोण; तथा

(तीन) मादक द्रव्यों के खिलाफ लड़ाई में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका

अठारह. 09 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2017 को ब्यूनस आयर्स (अर्जेन्टीना) में आयोजित डब्ल्यू टी ओ पर संसदीय सम्मेलन का वार्षिक 2017 सत्र

09 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2017 को ब्यूनस आयर्स (अर्जेन्टीना) में आयोजित डब्ल्यू टी ओ पर संसदीय सम्मेलन का वार्षिक, 2017 सत्र हुआ। सम्मेलन में श्री अनुराग सिंह ठाकुर, संसद सदस्य, डॉ. किरिट सोमैया, संसद सदस्य और श्री स्वप्न दासगुप्ता, संसद सदस्य ने भाग लिया। श्री अभिजीत कुमार, अपर सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्ट मंडल के सचिव थे। सत्र के दौरान परस्पर चर्चाएं हुईं तथा निम्न विषयों से सम्बन्धित रिपोर्ट प्रस्तुत की गईः-

(एक) एसएमईज का अंतरराष्ट्रीयकरण और ई-कॉमर्स

(दो) बढ़ते संरक्षणवाद के समय में बहुपक्षवाद

उन्नीस.4 से 28 मार्च, 2018 को जेनेवा, स्विट्जरलैंड में अंतर-संसदीय संघ(आईपीयू)की 138वीं सभा

अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 138वीं सभा 24 से 28 मार्च, 2018 को जेनेवा, स्विट्जरलैंड में हुई। डॉ. एम.तंबिदुरै, माननीय उपाध्यक्ष, लोक सभा के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने इस सभा में भाग लिया जिसमें निम्नलिखित संसद सदस्य शामिल थेः डॉ. (प्रो.) किरिट पी. सोलंकी, श्री दलिप कुमार तिर्की, श्री नागेन्द्र सिंह, डॉ. कभमपति हरिबाबू, डॉ. उमा सरेन और डॉ. विकास महात्मे। श्री पी.सी. कौल, संयुक्त सचिव, लोक सभा शिष्टमंडल के सचिव थे।

सभा में समग्र विषय ''प्रवासी और शरणार्थियों के लिए वैश्विक व्यवस्था का सुदृढ़ीकरणः साक्ष्य-आधारित नीतिगत समाधानों की आवश्यकता'' पर सामान्य चर्चा हुई। सभा के दौरान आईपीयू की चार स्थायी समितियों की भी बैठक हुई और निम्न विषयों पर सत्र हुएः-

क) <u>शांति और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी आईपीयू की प्रथम सथायी समितिः-</u>

''सतत विकास की प्राप्ति के लिए स्थिर शांति एक माध्यम'' संबंधी प्रारुप संकल्प पर चर्चा।

ख) <u>सतत विकास, वित्त और व्यापार संबंधी आईपीयू की द्वितीय स्थायी समितिः-</u>

''एसडीजी, विशेषकर नवीकरणीय उर्जा के कार्यान्वयन में निजी क्षेत्र को शामिल करना'' विषय के संबंध में प्रारुप संकल्प पर चर्चा।

ग) लोकतंत्र और मानवाधिकार संबंधी आईपीयू की तृतीय स्थायी समितिः-

(एक) ''सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियमित प्रवास हेतु वैश्विक व्यवस्था आपनाए जाने के दृष्टिगत प्रवास और प्रवास शासन संबंधी अंतर-संसदीय सहयोग का सुदृढ़ीकरण'' विषय पर प्रारुप संकल्प संबंधी चर्चा।

(दो) ''लैंगिक अभिमुखता और लिंग पहचान आधारित भेदभाव को समाप्त करने और एलजीबीटीआई व्यक्तियों के मानवाधिकार का सम्मान सुनिश्चित करने में संसदों की भूमिका'' विषय पर चर्चा।

घ) संयुक्त राष्ट्र संघ मामलों संबंधी आईपीयू की चतुर्थ स्थायी समिति

''सतत् विकास संबंधी संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच (एचएलपीएफ) के 2018 के सत्र के लिए तैयारियां'' विषय पर चर्चा।

माननीय उपाध्यक्ष, लोक सभा ने सामान्य चर्चा में भाग लिया। भारतीय शिष्टमंडल ने आईपीयू की चतुर्थ स्थायी समिति, आईपीयू की शासी परिषद, युवा सांसदों के मंच, महिला सांसदों के मंच के साथ-साथ आईपीयू के एशिया-प्रशान्त भू राजनैतिक समूह (एपीजी) की बैठकों में भी भाग लिया।

ख. अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) का केन्द्रीय निधि में अंशदान

वर्ष 2017-18 के अंतर-संसदीय संघ की केन्द्रीय निधि में भारतीय संसदीय ग्रुप के सीएचएफ 99,100 (72,00,000 रू) के वार्षिक अंशदान का संदाय संसद द्वारा स्वीकृत अनुदान में से किया गया था। सीएचएफ 550 (35,000 रू.) की धनराशि का अंशदान एएसजीपी में किया गया।

भाग - दो

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) संबंधी आयोजन

भारत राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का सदस्य है। सीपीए की भारतीय शाखा के लिए और सीपीए के भारतीय क्षेत्र के लिए लोक सभा सचिवालय, इसके सचिवालय के रूप में कार्य करता है। वर्ष 2017-18 में सीपीए की भारतीय शाखा ने 69वें वर्ष में प्रवेश किया। सितंबर, 2004 से भारतीय क्षेत्र सीपीए का एक भिन्न क्षेत्र बन गया है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित आयोजन किए गएः-

एक. 25 से 28 अप्रैल 2017 को लंदन में आधुनिक दासता विषय पर यूनाइटेड किंगडम सीपीए एशिया-पैसिफिक की क्षेत्रीय कार्यशाला

कार्यशाला में निम्न संसद सदस्यों ने भाग लियाः-

(एक) श्री जगदम्बिका पाल, संसद सदस्य (लोक सभा)

(दो) श्री रमेन डेका, संसद सदस्य (लोक सभा)

(तीन) श्रीमती पी.के. श्रीमथि टीचर, संसद सदस्य (लोक सभा)

(चार) श्री भूपेन्द्र यादव, संसद सदस्य (राज्य सभा)

(पांच) श्री बी.के. हरिप्रसाद, संसद सदस्य (राज्य सभा)

(छह) श्री सतीश चन्द्र मिश्रा, संसद सदस्य (राज्य सभा)

(सात) श्रीमती अंजू बाला, संसद सदस्य (लोक सभा)

(आठ) श्री ए.टी.नाना पाटील, संसद सदस्य (लोक सभा)

कार्यसूची में शामिल विषयों पर हुई चर्चाओं में प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और संबंधित विषयों पर सीपीए भारतीय क्षेत्र की स्थिति स्पष्ट की।

दो. सीपीए मध्यवर्षीय कार्यकारी समिति की डार्विन, आस्ट्रेलिया में 23 से 28 अप्रैल, 2017 तक बैठक

श्री फिरोज़ वरुण गांधी, संसद सदस्य (लोक सभा) और सीपीए भारत (संघ) शाखा से सीपीए कार्यकारी समिति के एक सदस्य ने सीपीए कार्यकारी समिति की मध्य वर्षीय

बैठक में भाग लिया। सीपीए राज्य शाखाओं अर्थात डॉ. सीतासरन शर्मा, माननीय अध्यक्ष, मध्य प्रदेश विधान सभा और कवीन्द्र गुप्ता, माननीय अध्यक्ष, जम्मू और कश्मीर विधान सभा के सीपीए कार्यकारी समिति के दो अन्य सदस्यों ने भी इस बैठक में भाग लिया।

सदस्यों ने सीपीए, भारतीय क्षेत्र की सीपीए की कार्यकारी समिति की उप-समिति, जिसमें वे सदस्य हैं, की बैठकों में भी भाग लिया।

तीन. संसदीय प्रक्रिया और कार्य संचालन संबंधी सीपीए का मौलिक कार्यक्रम, 22 से 28 मई, 2017, यूनिवर्सिटी ऑफ विटवाटरसरेंड, जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका

माननीय अध्यक्ष द्वारा नामित किए जाने पर श्री अजय मिश्रा (टेनी), संसद सदस्य (लोक सभा) ने 22 से 28 मई, 2017 तक यूनिवर्सिटी ऑफ विटवाटरसरेंड, जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में संसदीय प्रक्रिया और कार्य संचालन संबंधी सीपीए के मौलिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी परिसर में सदस्यों की वास्तविक भागीदारी से पहले ऑन-लाइन पाठ्यक्रम भी शामिल था।

चार. 3 से 10 जून, 2017 तक लंदन, यूनईटेड किंगडम में यू.के. आम चुनाव के लिए यू.के. सीपीए निर्वाचन आकलन मिशन।

श्री बैजयंत जे पांडा, संसद सदस्य (लोक सभा) और कुमारी शोभा कारान्दलाजे, संसद सदस्य (लोक सभा) ने माननीय अध्यक्ष, लोक सभा द्वारा नामित किए जाने पर 3 से 10 जून, 2017 तक लंदन, यूनाईटेड किंगडम में यू.के. आम चुनाव के लिए यू.के. सीपीए निर्वाचन आकलन मिशन में भाग लिया।

पांच. 15 से 21 अक्तूबर, 2017 तक ओटावा में 14वां सीपीए कनाडियन संसदीय सेमिनार

14वां सीपीए कनाडियन संसदीय सेमिनार 15 से 21 अक्तूबर, 2017 तक ओटावा में आयोजित किया गया। इस सेमिनार का विषय था ''लोकतंत्र को सुदृढ़ करना और संसदविदों की भूमिका : चुनौतियां तथा समाधान''।

इस सेमिनार में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गयीः-

(एक) राष्ट्रमंडल और सीपीए की भूमिका;

(दो) कनाडा का राजनीतिक परिदृश्य;

(तीन) कनाडा की संसद की भूमिका और संचालन का सिंहावलोकन;

(चार) संसदीय समितियां : क्या कारगर है और क्या नहीं;

(पांच) चुनावों का वित्तपोषण;

(छह) राजनैतिक दलों की संसदीय उपस्थिति : दलों के कोकसों (समूहों) की बैठकों की भूमिका;

(सात) संसद सदस्य का कार्यालय किस प्रकार कार्य करता है;

(आठ) राष्ट्रमंडल की महिला सांसद और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उनकी भूमिका;

(नौ) नागरिकों की भागीदारी : संसाधन और साधन;

(दस) सरकारों को प्रभावित करना और इन प्रभावों का विनियमन करना : संसद और पैरवीकार (लॉबीस्ट);

(ग्यारह) राष्ट्रमंडल देशों में निर्वाचन के मीडिया कवरेज की तुलना; और

(बारह) क्षेत्रीय रुचि के विषयों पर प्रस्तुतीकरण।

छह. 1 से 8 नवम्बर, 2017 तक ढाका, बंगलादेश में 63वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन

63वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन ढाका में 1 से 8 नवम्बर, 2017 को आयोजित किया गया। श्रीमती सुमित्रा महाजन, माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने सम्मेलन में भाग लिया। इस शिष्टमंडल में शामिल थे श्री देवेन्द्र सिंह भोले, संसद सदस्य (लोक सभा), श्री सुभाष पटेल, संसद सदस्य (लोक सभा), श्रीमती रूपा गांगुली, संसद सदस्य (राज्य सभा), श्रीमती मीनाक्षी लेखी, संसद सदस्य (लोक सभा) और सदस्य सीडब्ल्यूपी संचालन समिति।

इस सम्मेलन में राज्यों की सीपीए शाखाओं के पीठासीन अधिकारियों अर्थात् डॉ0 कोडेला शिवा प्रसाद राव, अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश विधान सभा, श्री इं. तेनजिंग नोर्बू थोंगडोक, अध्यक्ष, अरूणाचल प्रदेश विधान सभा, श्री हितेन्द्र नाथ गोस्वामी, अध्यक्ष, असम विधान सभा, श्री विजय कुमार चौधरी, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा, श्री गौरी शंकर अग्रवाल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा, श्री रामनिवास गोयल, अध्यक्ष, दिल्ली विधान सभा, डॉ0 प्रमोद सावंत, अध्यक्ष, गोवा विधान सभा, श्री कंवर पाल, अध्यक्ष, हरियाणा विधान सभा, श्री

कविन्दर गुप्ता, अध्यक्ष, जम्मू और कश्मीर विधान सभा और सदस्य सीपीए कार्यकारी समिति, श्री दिनेश ओरांव, अध्यक्ष, झारखंड विधान सभा, श्री एन.एच. शिवा शंकर रेड्डी, अध्यक्ष, कर्नाटक विधान सभा, श्री वी. शशि, उपाध्यक्ष, केरल विधान सभा, डॉ0 सीतासरन शर्मा, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश विधान सभा और सदस्य, सीपीए कार्यकारी समिति, श्री यूमनाम खेमचंद सिंह, अध्यक्ष, मणिपुर विधान सभा, श्री आर. लालरीनावमा, उपाध्यक्ष, मिजोरम विधान सभा, श्री प्रदीप कुमार अमत, अध्यक्ष, ओडिशा विधान सभा, डॉ0 इम्तीवापांग अय्यर, अध्यक्ष, नागालैंड विधान सभा, श्री वी. वेथीलिन्गम, अध्यक्ष, पुदुचेरी विधान सभा, श्री केदारनाथ राई, अध्यक्ष, सिक्किम विधान सभा, श्री पी. धनपाल, अध्यक्ष, तमिलनाडु, विधान सभा, श्री ह्रदय नारायण दीक्षित, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश विधान सभा और श्री बिमान बंदोपाध्याय, अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल विधान सभा ने भी भाग लिया।

डॉ0 सीतासरन शर्मा, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश विधान सभा और श्री कविन्दर गुप्ता, अध्यक्ष, जम्मू और कश्मीर विधान सभा ने सीपीए की कार्यकारी समिति की बैठकों में भाग लिया। श्री कविन्दर गुप्ता, अध्यक्ष, जम्मू और कश्मीर विधान सभा और श्री हितेन्द्र नाथ गोस्वामी, अध्यक्ष, असम विधान सभा ने नई कार्यकारी समिति की बैठक में भाग लिया।

सम्मेलन के दौरान कार्यशाला के रूप में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गईः-

(एक) लोकतंत्र को परिणामोन्मुखी होना ही चाहिएः चुनौतियों से निपटने में संसद की भूमिका (कार्यशाला 'क');

(दो) राष्ट्रमंडल के भीतर आपसी संबंधों को सुदृढ़ बनाने में सांसदों की भूमिकाः व्यापार संबंधी नए मुद्दों, वीजा संबंधी मुद्दों, यात्रा प्रतिबंधों, गैर-प्रशुल्क प्रतिबंधों आदि सहित। (कार्यशाला 'ख');

(तीन) जलवायु परिवर्तन संबंधी चर्चाः राष्ट्रमंडल के लिए एक चुनौती? (कार्यशाला 'ग');

(चार) सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी)ः किस प्रकार सीपीए सदस्य अपनी सरकारों के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर सकते हैं कि गरीबी उन्मूलन और महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में सफलता सुनिश्चित करने के लिए सतत विकास लक्ष्यों में एक समुचित 'जेंडर लेंस' मौजूद हो। जेंडर संबंधी विषय (कार्यशाला 'घ');

(पांच) क्रटिकल मासः संकुचित अधिकार क्षेत्र और बड़ी समस्याएं - संभार-तंत्र और बुनियादी संरचना संबंधी चुनौतियां (लघु शाखाओं संबंधी विषय) (कार्यशाला 'ङ');

(छह) लोकतांत्रिक विधान मंडलों के लिए सीपीए मानदंडः पिछले 10 वर्षों में प्रगति (कार्यशाला 'च')

(सात) युवाओं को सशक्त करनाः शासन प्रक्रिया में युवाओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तंत्र (कार्यशाला 'छ'); और

(आठ) विभिन्न प्रकार के राष्ट्रवाद के उदय को बढ़ावा देने वाले कारक कौन से हैं? (कार्यशाला 'ज')।

माननीय लोकसभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन 'युवाओं को आवाज: शासन प्रक्रिया में युवाओं की प्रभावकारी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु तंत्र' (कार्यशाला 'छ')विषय पर मुख्य वक्ता थी; श्री देवेंद्र भोले सिंह, संसद सदस्य (लोकसभा) ने "सतत विकास लक्ष्य : गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में उचित जेंडर लेंस को सुनिश्चित करने में राष्ट्रमंडल संसद संघ सदस्य अपनी सरकारों के साथ कैसे कार्य कर सकते हैं'' विषय पर कार्यशाला 'घ' में भाग लिया; श्री सुभाष पटेल,संसद सदस्य (लोकसभा) ने "जलवायु परिवर्तन वाद-विवादः राष्ट्रमंडल के लिए चुनौती?'' विषय पर कार्यशाला (ग) में भाग लिया और श्रीमती रूपा गांगुली, संसद सदस्य (राज्यसभा) ने राष्ट्रमंडल के अंतर्गत मजबूत संबंध निर्मित करने में सांसदों की भूमिका, नए व्यापार मुद्दों, वीजा मुद्दों, यात्रा प्रतिबंध, गैर प्रशुल्क प्रतिबंधों इत्यादि सहित विषय पर कार्यशाला (ख) और "विभिन्न प्रकार के राष्ट्रवाद के उदय के क्या कारक हैं?'' विषय पर कार्यशाला (ज) में भाग लिया ।

श्रीमती मीनाक्षी लेखी, संसद सदस्य (लोक सभा) और सदस्य, राष्ट्रमंडल महिला सांसद संचालन समिति "यदि हमें विश्व में सकारात्मक परिवर्तन चाहिए तो हमें और अधिक महिला नेताओं की आवश्यकता है, हम विश्व को कैसे समझा सकते हैं कि भविष्य लैंगिक समानता पर निर्भर है" विषय पर राष्ट्रमंडल महिला सांसद सत्र के लिए डिस्कशन लीडर रहीं ।

माननीय एमिलिया मोनजोवा लिफाका, संसद सदस्य, डिप्टी स्पीकर कैमरून को 63 वीं सीपीसी की जनरल असेंबली में 3 वर्षों अर्थात 2017-2020 के लिए अध्यक्ष सीपीए कार्यकारी समिति पद के लिए निर्वाचित किया गया।

सात विक्टोरिया सेशेल्स में 8 से 13 जनवरी 2018 तक राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का 24 वां सम्मेलन

राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का 24वां सम्मेलन (सीएसपीओसी) 8 से 13 जनवरी 2018 तक विक्टोरिया सेशेल्स में आयोजित किया गया। माननीय अध्यक्ष लोकसभा, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने सम्मेलन में भाग लिया। श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव महासचिव, लोकसभा ने भी 'पर्यवेक्षक' के रूप में सम्मेलन में भाग लिया।

माननीय अध्यक्ष, लोकसभा ने सोमवार 8 जनवरी 2018 को भारत क्षेत्र से सीएसपीओसी की स्थाई समिति के सदस्य के रूप में सीएसपीओसी की स्थाई समिति की बैठक में भाग लिया।

सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई :

कार्यशाला एक	क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग दोनों में संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में अध्यक्ष/स्पीकर की भूमिका
कार्यशाला दो	सदस्यों और सदन के कार्यों में सहायता करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग
कार्यशाला तीन	विधानमंडलों के सुचारू संचालन हेतु संसदीय शोध को सुदृढ़ करना
कार्यशाला चार	संसद सदस्यों के समक्ष उभरते सुरक्षा मुद्दे

"संसद को उत्तरदायित्व, उदारता और पारदर्शिता के संस्थान के रूप में सुदृढ़ करने में अध्यक्षों की भूमिका विषय" पर एक विशेष पूर्ण सत्र भी आयोजित किया गया ।

माननीय लोक सभा अध्यक्ष बुधवार, 10 जनवरी, 2018 को "विधानमंडलों के सुचारू संचालन के लिए संसदीय शोध को सुदृढ़ करना'' विषय पर हुई कार्यशाला तीन में मुख्य वक्ता थीं । माननीय लोक सभा अध्यक्ष ने अन्य कार्यशाला विषयों पर चर्चा में भी भाग लिया । उन्होंने विशेष पूर्ण सत्र तथा गुरूवार, 11 जनवरी, 2018 को हुए समापन पूर्ण सत्र में भी भाग लिया ।

आठ. 16 से 19 फरवरी, 2018 तक पटना, बिहार में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र का छठा सम्मेलन

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के छठे सम्मेलन का आयोजन बिहार सीपीए शाखा द्वारा 16 से 19 फरवरी, 2018 तक किया गया । माननीय अध्यक्ष, लोक सभा और सभापति, सीपीए कार्यकारी समिति, भारत क्षेत्र ने 17 फरवरी, 2018 को सम्मेलन का उदघाटन किया । श्री विजय कुमार चौधरी, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा ने

सम्मेलन में प्रतिनिधियों का स्वागत किया । निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों ने उदघाटन समारोह को संबोधित किया :

(एक) श्री नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार

(दो) श्रीमती एमिलिया मोनजोवा लिफाका, अध्यक्ष, सीपीए कार्यकारी समिति

(तीन) श्री अकबर खान, महासचिव, सीपीए; और

(चार) श्री सुशील कुमार मोदी, उपमुख्यमंत्री, बिहार

मोहम्मद हारून राशिद, उप-सभापति, बिहार विधान परिषद् ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया ।

सम्मेलन में भारत की राज्य सीपीए शाखाओं से प्रतिनिधियों और सीपीए अफ्रीका क्षेत्र तथा सीपीए ऑस्ट्रेलिया क्षेत्र प्रत्येक से एक पर्यवेक्षक ने भाग लिया।

दो पूर्ण सत्रों में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई :

(एक)विकास अजेंडा में संसद की भूमिका

(दो)विधायिका और न्यायपालिका के बीच संबंध

डॉ मुरली मनोहर जोशी, संसद सदस्य (लोक सभा) ने उदघाटन समारोह में भाग लिया । वह 'विकास अजेंडा में संसद की भूमिका' विषय पर पूर्ण सत्र एक में मुख्य वक्ता रहे और श्री रविशंकर प्रसाद, विधि और न्याय मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री "विधायिका और न्यायपालिका के बीच संबंध" विषय पर पूर्ण सत्र दो में मुख्य वक्ता रहे । 15 प्रतिनिधियों ने प्रथम सत्र में और 12 प्रतिनिधियों ने द्वितीय सत्र में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान सीपीए भारत क्षेत्र कार्यकारी समिति बैठक और महासभा भी आयोजित की गई । बिहार सीपीए ब्रांच द्वारा एतिहासिक और पर्यटन स्थलों यथा गया, बोधगया और राजगीर के लिए सम्मेलन उपरान्त भ्रमण भी आयोजित किया गया।

नौ. 26 फरवरी से 1 मार्च, 2018 तक लंदन में आयोजित राष्ट्रमंडल संसद सदस्य फोरम।

राष्ट्रमंडल संसद सदस्य फोरम का आयोजन 26 फरवरी से 1 मार्च, 2018 तक लंदन में किया गया ।

निम्नलिखित चार संसद सदस्यों ने फोरम में भाग लिया :

(एक) श्री राजीव प्रताप रूडी, संसद सदस्य, लोक सभा

(दो) श्री ओम प्रकाश माथुर, संसद सदस्य, राज्य सभा

(तीन) श्री विवेक गुप्ता, संसद सदस्य, राज्य सभा और

(चार) श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, संसद सदस्य, लोक सभा ।

श्री राजीव प्रताप रूडी, संसद सदस्य, लोक सभा "शिष्टमंडल के नेता" थे ।

फोरम के दौरान निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गईः

1.	सत्र 1	राष्ट्रमंडल देशों के प्रमुखों के साथ बैठक,2018
2.	सत्र 2	आप जहाँ हैं वहीं ध्यान केन्द्रित करें ।
3.	सत्र 3	'राष्ट्रमंडल निकाय'- अपने सभी भागों के जोड़ की पुनः कल्पना करना
4.	सत्र 4	राष्ट्रमंडल शासनपत्र का अनुमोदन अथवा उसे चुनौती क्या 21 वीं शताब्दी का राष्ट्रमंडल अच्छाई के लिए एकजुट करने वाली शक्ति बन सकता है ?
5.	सत्र 5	राष्ट्रमंडल संसदें किस प्रकार एसडीजी प्राप्त करने में सरकारों को जवाबदेह बना सकती हैं ?
6.	सत्र 6	राष्ट्रमंडल का लाभ पहुंचाना-हम कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि यह सबके लिए कार्य करें?
7.	सत्र 7	विकास के लिए वित्तपोषण
8.	सत्र 8	राष्ट्रमंडल राजनीतिक व्यवस्थाओं के मध्य विश्वास और भरोसे की संस्कृतियाँ निर्मित करना
9.	सत्र 9	जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती को पूरा करने में साझेदार और सहयोगियों के रूप में राष्ट्रमंडल संसदों की भूमिका
10.	सत्र 10	आधुनिक और समावेशी लोकतन्त्रों को प्रोत्साहन देना
11.	सत्र 11	राष्ट्रमंडल में संघर्ष को रोकना और शान्ति बनाए रखना
12.	सत्र 12	धर्म अथावा पंथ की स्वतंत्रता द्व धर्म की भूमिका और पंथनिरपेक्ष सरकार की भूमिका को कैसे समझें; विभिन्न धर्मों और पंथ समूहों का शांतिपूर्ण अस्तित्व कैसे सुनिश्चित करें?
13.	सत्र 13	समावेशी विचार की राष्ट्रमंडल शाखा का आरम्भ
14.	सत्र 14	निष्पक्षता , समृद्धि , सुरक्षा और संवाह्नीयता को प्राप्त करने में वैश्विक स्वास्थ्य की भूमिका
15.	सत्र 15	फोरम के पश्चात तथा सरकारों के राष्ट्रमंडल अध्यक्षों की अप्रैल, 2018 में हुई बैठक के पश्चात की घटनाओं के लिए अखिल राष्ट्रमंडल निगरानी समूह
16.	सत्र 16	सरकार की पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्वः संसद सदस्य

		श्आंकड़ों और साक्ष्य क्रान्ति' का हिस्सा बन सकते हैं ?
17.	सत्र 17	मानव दुर्व्यापार और बाल शोषण को रोकने में राष्ट्रमंडल संसद सदस्य क्या भूमिका निभा सकते हैं ?
18.	सत्र 18	राष्ट्रमंडल समृद्धि आउटलुक : पूर्वानुमान भविष्य कथन
19.	सत्र 19	नौकरियों और आजीविकाओं को प्रोत्साहन देना द्व पूरे राष्ट्रमंडल में भविष्य के लिए कौशल विकास करना
20.	सत्र 20	चुनौती और विदारण : विधायी परिवर्तन को आगे लाने में उत्साही संसद सदस्य क्या भूमिका निभा सकते हैं ?
21.	सत्र 21	राष्ट्रमंडल और उसका भविष्य : ओपन हाउस प्रश्नोत्तर सत्र
22.	सत्र 22	राष्ट्रमंडल संसद सदस्य कैसे स्मार्ट और अधिक समावेशी शहरों को प्रोत्साहित कर सकते हैं ?
23.	सत्र 23	नवीकरण, सुधार और नवप्रवर्तन : भावी सदस्य कैसे हों?
24.	सत्र 24	आप सरकार के प्रमुख होने के नाते क्या करेंगे? तर्क और दलील

श्री राजीव प्रताप रूडी, संसद सदस्य, लोक सभा श्श् राष्ट्रमंडल संसद सदस्य कैसे और अधिक स्मार्ट और अधिक समावेशी शहरों को प्रोत्साहित कर सकते हैं?'' विषय पर प्रमुख वक्ता थे ।

दस. 21 से 24 मार्च, 2018 तक मॉरिशस में आयोजित सीपीए' कार्यकारी समिति की मध्यवर्षीय बैठक

सीपीए कार्यकारी समिति की मध्यवर्षीय बैठक 21 से 24 मार्च, 2018 तक मॉरिशस में आयोजित की गई । सीपीए भारत क्षेत्र से निम्नलिखित तीन क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया :

(एक). श्री फ़िरोज़ वरुण गांधी, संसद सदस्य (लोक सभा)

(दो). श्री कविन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष, जम्मू एवं कश्मीर विधान सभा;

(तीन). श्री हितेन्द्र नाथ गोस्वामी, अध्यक्ष, असम विधान सभा।

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ को वार्षिक अंशदान

वर्ष 2017-2018 के लिए राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की भारत शाखा का वार्षिक अंशदान 32,387 पौंड अर्थात 29,54,081/- रु था जो संसद द्वारा संस्वीकृत अनुदान से संदत्त हुआ ।

भाग-तीन

द्विपक्षीय आदान-प्रदान और अन्य कार्यकलाप

एक. भारत की यात्रा पर आए विदेशी संसदीय शिष्टमंडल

(एक) मैक्सिको : मैक्सिको की कांग्रेस के चैम्बर ऑफ़ डिप्टीजकी अध्यक्ष, महामहिम सुश्री मारिया गुवालुपे मर्गिया गतीरेज़ के नेतृत्व में मैक्सिको के चार सदस्यीय संसदीय शिष्टमंडल ने 6 से 10 अगस्त 2017 तक भारत का दौरा किया।

मंगलवार 8 अगस्त 2017 को शिष्टमंडल ने विशेष दीर्घा से लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाहियां देखी। उसी दिन उन्होंने भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविंद और माननीय लोकसभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन से भेंट की। शिष्टमंडल के सम्मान में माननीय अध्यक्ष द्वारा एक प्रीतिभोज का आयोजन किया गया।

बुधवार,9 अगस्त 2017 को उन्होंने विदेश मंत्री, श्रीमती सुषमा स्वराज से भेंट की।

दिल्ली के अतिरिक्त शिष्टमंडल ने आगरा का भी दौरा किया।

(दो) सेशेल्स गणराज्य : सेशेल्स गणराज्य की राष्ट्रीय संसद के स्पीकर, माननीय पैट्रिक पिल्ले के नेतृत्व में सेशेल्स गणराज्यके 12 सदस्यीय संसदीय शिष्टमंडल ने 9 से 13 अगस्त 2017 तक भारत का दौरा किया।

बुधवार,9 अगस्त,2017 को शिष्टमंडल ने विशेष दीर्घा से लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाहियां देखी।

गुरुवार,10 अगस्त,2017 को उन्होंने भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविंद, भारत के माननीय प्रधानमंत्री ,श्री नरेंद्र मोदी और माननीय लोकसभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन लोकसभा से भेंट की।शिष्टमंडल के सम्मान में माननीय अध्यक्ष द्वारा एक प्रीतिभोज का आयोजन किया गया

दिल्ली के अतिरिक्त शिष्टमंडल ने जयपुर का भी दौरा किया।

(तीन)चिली गणराज्य: चिली गणराज्य के चैम्बर ऑफ डिप्टीज के अध्यक्ष, महामहिम श्री फिदेल एस्पिनोजा के नेतृत्व में चिली गणराज्य के 9 सदस्यीय संसदीय शिष्टमंडल ने 5 से 9 फरवरी,2018 तक भारत का दौरा किया ।

सोमवार,5 फरवरी,2018 को शिष्टमंडल ने भारत के माननीय उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति, श्री एम वेंकैया नायडू और साथ ही वाणिज्य और उद्योग मंत्री, श्री सुरेश प्रभु तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री, श्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंट की ।

मंगलवार,6 फरवरी,2018 को शिष्टमंडल ने विशेष दीर्घा से लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाहियां देखीं । बाद में उन्होंने भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविंद तथा माननीय लोकसभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन से भेंट की। शाम में शिष्टमंडल के सम्मान में माननीय अध्यक्ष द्वारा एक प्रीतिभोज का आयोजन किया गया ।

शुक्रवार,9 फरवरी,2018 को उन्होंने महिला और बाल विकास मंत्री, श्रीमती मेनका संजय गांधी से मुलाकात की।

दिल्ली के अतिरिक्त शिष्टमंडल ने आगरा का भी दौरा किया

(चार)कोरिया गणराज्य : कोरिया गणराज्य की नेशनल असेंबली के स्पीकर, महामहिम श्री चुंग सी क्यून के नेतृत्व में कोरिया गणराज्य के 25 सदस्यीय संसदीय शिष्टमंडल ने 8 से 11 मार्च,2018 तक भारत का दौरा किया।

गुरुवार,8 मार्च,2018 को शिष्टमंडल ने भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविंद और भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति, श्री एम वेंकैया नायडू तथा माननीय लोकसभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन से भेंट की। शाम में शिष्टमंडल के सम्मान में माननीय अध्यक्ष द्वारा एक प्रीतिभोज का आयोजन किया गया।

शुक्रवार,9 मार्च,2018 को शिष्टमंडल ने विशेष दीर्घा से लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाहियां देखीं । उसी दिन उन्होंने विदेश मंत्री, श्रीमती सुषमा स्वराज से भी भेंट की।

दिल्ली के अतिरिक्त शिष्टमंडल ने आगरा का भी दौरा किया।

(दो) विदेशों का दौरा करने वाले भारतीय संसदीय शिष्टमंडल

(क) मॉरीशस : द्विपक्षीय आदान-प्रदान के अंतर्गत 6 से 11 जून,2017 तक माननीय लोकसभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में 8 सदस्यीय भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने मॉरीशस का दौरा किया। इस शिष्टमंडल के अन्य सदस्यों में श्री सुशील

कुमार सिंह, संसद सदस्य, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, संसद सदस्य, श्री धनंजय महाडीक संसद सदस्य, श्रीमती नीलम सोनकर, संसद सदस्य, श्री के.के.रागेश, संसद सदस्य तथा श्री रिपुन बोरा, संसद सदस्य तथा श्री अनूप मिश्र, महासचिव, लोकसभा भी शामिल थे। श्री पीसी कौल, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे।

(ख) रशियन संघ :द्विपक्षीय आदान-प्रदान के अंतर्गत 10 से 14 जुलाई,2017 तक माननीय लोकसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में 6 सदस्यीय भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने रूसी संघ का दौरा किया। इस शिष्टमंडल में डॉ वीरेंद्र कुमार, संसद सदस्य, श्री मो सलीम, संसद सदस्य, श्रीमती हेमा मालिनी, संसद सदस्य, श्री नलिन कुमार कटील, संसद सदस्य तथा श्री सी पी नारायण, संसद सदस्य (राज्य सभा) शामिल थे। श्री अतुल कौशिक, लोकसभा सचिवालय शिष्टमंडल के सचिव थे।

तीन. विदेशी गण्यमान्य व्यक्तियों का संसद भवन परिसर का दौरा

इजरायल :महामहिम डेनियल कारमोन, इजराइल के राजदूत ने 14 अगस्त,2017 को 20,अकबर रोड, नई दिल्ली में माननीय लोकसभा अध्यक्ष से भेंट की।

ऑस्ट्रेलिया : श्री एन्थनी अल्ववनीश, संसद सदस्य के नेतृत्व में एक ऑस्ट्रेलियाई संसदीय शिष्टमंडल ने 30 अक्टूबर,2017 को संसद भवन में माननीय लोकसभा अध्यक्ष से भेंट की ।

कोरिया गणराज्य : भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, बुसान, कोरिया गणराज्य के शिष्टमंडल ने 9 नवंबर,2017 को संसदीय ज्ञानपीठ में माननीय लोकसभा अध्यक्ष से भेंट की ।

वियतनाम : माननीय लोकसभा अध्यक्ष ने 3 मार्च,2018 को होटल ताज पैलेस, नई दिल्ली में महामहिम त्रानदई कांग, वियतनाम समाजवादी गणराज्य के राष्ट्रपति से भेंट की ।

रूस : महामहिम निकोल रिस्तोविच कुदाशेव, रशियन संघ के राजदूत ने 13 मार्च,2018 को संसद भवन में माननीय अध्यक्ष, लोकसभा से भेंट की।

चार. भारतीय संसदीय ग्रुप के तत्वाधान में कार्य/सम्मेलन और राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलिः

(एक). राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलि

निम्नलिखित राष्ट्रीय नेताओं की जयंती के अवसर पर ग्रुप के तत्वाधान में नीचे उनके नाम के सामने दर्शाई गई तारीखों को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में जहां उनके चित्र लगाए गए हैं, समारोह आयोजित किए गएः-

1.	बाबू जगजीवन राम	5 अप्रैल, 2017
2.	डॉ. बी.आर. अंबेडकर	14 अप्रैल, 2017
3.	पंडित मोतीलाल नेहरू	6 मई, 2017
4.	गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर	9 मई, 2017
5.	स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर	28 मई, 2017
6.	श्री के.एस. हेगड़े	11 जून, 2017
7.	डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी	6 जुलाई, 2017
8.	श्री बाल गंगाधर तिलक	23 जुलाई, 2017
9.	श्री राजीव गांधी	20 अगस्त, 2017
10.	दादाभाई नौरोजी	4 सितंबर, 2017
11.	महात्मा गांधी	2 अक्तूबर, 2017
12.	श्री लाल बहादुर शास्त्री	2 अक्तूबर, 2017
13.	सरदार वल्लभ भाई पटेल	31 अक्तूबर, 2017
14.	देशबन्धु चितरंजन दास	5 नवंबर, 2017
15.	मौलाना अबुल कलाम आजाद	11 नवंबर, 2017
16.	पंडित जवाहर लाल नेहरू	14 नवंबर, 2017
17.	श्रीमती इंदिरा गांधी	14 नवंबर, 2017

18.	श्री जी.वी. मावलंकर	27 नवंबर, 2017
19.	डॉ. राजेन्द्र प्रसाद	3 दिसंबर, 2017
20.	श्री सी. राजगोपालाचारी	10 दिसंबर, 2017
21.	चौधरी चरण सिंह	23 दिसंबर, 2017
22.	पंडित मदन मौहन मालवीय	25 दिसंबर, 2017
23.	नेताजी सुभाष चंद्र बोस	23 जनवरी, 2018
24.	लाला लाजपत राय	28 जनवरी, 2018
25.	श्री एन.ए. अयंगर	4 फरवरी, 2018
26.	श्रीमती सरोजनी नायडू	13 फरवरी, 2018
27.	श्री मोरारजी देसाई	28 फरवरी, 2018
28.	डॉ. राम मनोहर लोहिया	23 मार्च, 2018

अध्यक्ष, लोक सभा, उपाध्यक्ष, लोक सभा, केन्द्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य लोगों ने इन अवसरों पर ऊपर उल्लिखित नेताओं को पुष्पांजलि अर्पित की। लोक सभा सचिवालय के शोध और सूचना प्रभाग द्वारा तैयार की गई उपरोक्त नेताओं के प्रोफाइल वाली पुस्तिकाओं का वितरण भी इन अवसरों पर किया गया।

(दो) भारत के निवर्तमान राष्ट्रपति का विदाई समारोह कार्यक्रम

23 जुलाई, 2017 को भारत के निवर्तमान राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी को विदाई देने के लिए एक समारोह का आयोजन संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया गया था। माननीय लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने संसद सदस्यों की ओर से विदाई भाषण में श्री प्रणब मुखर्जी के प्रति सम्मानपूर्ण एवं स्नेहिल उद्‌गार व्यक्त किए। माननीय अध्यक्ष, लोक सभा द्वारा श्री प्रणब मुखर्जी को संसद सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक "हस्ताक्षर पुस्तिका" और संसद भवन की प्रतिकृति वाला चांदी (सोने की परत चढ़ा हुआ) का स्मृति चिह्न भी भेंट किया।

श्री मोहम्मद हामिद अंसारी, भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति ने भी इस अवसर पर उपस्थित व्यक्तियों को संबोधित किया। तत्पश्चात् निवर्तमान राष्ट्रपति ने

विशिष्टजनों को संबोधित किया। विदाई कार्यक्रम के समापन के पश्चात् भारत के निवर्तमान राष्ट्रपति और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लिए प्रांगण संख्या 9, संसद भवन में जलपान की व्यवस्था की गई थी।

(तीन) राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन

राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन भारतीय संसदीय ग्रुप के तत्वावधान में 10 और 11 मार्च, 2018 को संसद भवन परिसर, नई दिल्ली में किया गया था। सम्मेलन का विषय " विकास के लिए हम" था। सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों, संसद सदस्यों और राज्य विधान सभाओं / परिषदों के पीठासीन अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया।

सम्मेलन का उद्घाटन 10 मार्च, 2018 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। सम्मेलन के उद्घाटन के पश्चात् भारत के माननीय प्रधानमंत्री और माननीय अध्यक्ष, लोक सभा ने विशिष्ट जनों को संबोधित किया। महासचिव, लोक सभा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। उद्घाटन समारोह के पश्चात् सभी प्रतिनिधियो का एक समूह चित्र लिया गया था।

पूर्ण सत्र का आयोजन सम्मेलन के मुख्य विषय पर किया गया था। सत्र के दौरान श्री अमिताभ कांत, सीईओ, नीति आयोग ने महत्वाकांक्षी जिलों पर एक प्रस्तुतीकरण दिया और श्री सुरेश प्रभु, केन्द्रीय वाणिज्य उद्योग ने विशिष्ट सभा को संबोधित किया। डॉ0 एम. तंबिदुरै, उपाध्यक्ष, लोक सभा और सत्र के सभापति ने समापन भाषण दिया।

सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित विषयों पर समानान्तर सत्रों का आयोजन किया गया था-

(एक) विकास प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों की भूमिका; और

(दो) विकास में संसाधनों का इष्टतम उपयोग

श्री प्रकाश जावड़ेकर, केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, श्री कल्याण बनर्जी, संसद सदस्य और श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य ने "विकास प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों की भूमिका" विषय पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की ।

श्री जे. पी. नड्डा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज और खान मंत्री, श्री गुलाम नबी आजाद, संसद सदस्य और

श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, संसद सदस्य ने "विकास में संसाधनों के इष्टतम उपयोग" के बारे में आयोजित सत्र की अध्यक्षता की।

माननीय अध्यक्ष, लोक सभा ने 10 मार्च, 2018 को सम्मेलन में प्रतिभागिता करने वाले गणमान्य व्यक्तियों / प्रतिनिधियों के सम्मान में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं तत्पश्चात् रात्रि भोज की मेजबानी की।

अंतिम सत्र के पश्चात् विदाई सत्र का आयोजन 11 मार्च, 2018 को किया गया था। श्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नौवहन और जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री ने समापन सत्र की अध्यक्षता की और संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उपस्थित जनों को संबोधित किया। विदाई सत्र के दौरान समानान्तर सत्रों के संचालकों ने अपने संबंधित सत्रों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। श्री ओम बिरला, संसद सदस्य द्वारा प्रस्तावित संकल्प को सम्मेलन के विदाई सत्र के दौरान अंगीकृत किया गया था। श्री अरूण जेटली, केन्द्रीय वित्त मंत्री, श्री एम.वैंकय्या नायडू, भारत के उपराष्ट्रपति और सभापति , राज्य सभा ने विदाई सत्र के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित किया। श्रीमती सुमित्रा महाजन, अध्यक्ष, लोक सभा ने समापन भाषण दिया।

सम्मेलन 11 मार्च, 2018 को मध्याह्न भोजन के पश्चात् संपन्न हुआ।

पांच. परिचय पत्र/फैक्स संदेश

अंतर-संसदीय संघ के राष्ट्रीय समूहों, राष्ट्रमंडल संसदीय एसोशिएसन शाखाओं और विभिन्न देशों में भारतीय मिशनों को समूह के विदेश जाने वाले निम्नलिखित सदस्यों के पक्ष में परिचय पत्र और फैक्स संदेश जारी किए गएः-

1. श्रीमती ममता ठाकुर , संसद सदस्य
2. श्री आधलराव पाटीलशिवाजीराव, संसद सदस्य
3. श्री यशवंतराव गडक, पूर्व संसद सदस्य
4. डॉ0 तरूण कुमार मंडल, पूर्व संसद सदस्य
5. श्री मुरली मोहन मगनती, संसद सदस्य
6. श्री मुथमसेटी श्रीनिवास राव (अवंती), संसद सदस्य
7. श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, संसद सदस्य

8. श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य

9. डॉ के. एच. मुनियप्पा, संसद सदस्य

10. श्री प्रो0 सुगत बोस, संसद सदस्य

छह. समूह का पुस्तकालय

अंतर-संसदीय संघ से निम्नलिखित पत्रिकाएं प्राप्त हुईः-

एक. संवैधानिक और संसदीय सूचना

दो. अंतर-संसदीय समाचार

सात. अन्य देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन

चीन के साथ विद्यमान संसदीय मैत्री समूह के अतिरिक्त यूरोपियन यूनियन, जापान, मंगोलिया, कोरिया गणराज्य, रूसी परिसंघ और वियतनाम के साथ संसदीय मैत्री समूह के गठन का निर्णय लिया गया था। (परिशिष्ट-एक में सूचीबद्ध)

आठ. सदस्यता

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान,37 संसद सदस्यों को समूह के सदस्यो के रूप में नामांकित किया गया।

31 मार्च, 2018 तक भारतीय संसदीय समूह के सदस्यों की कुल संख्या 1486 है। (वर्तमान सदस्य (लोक सभा / राज्य सभा) 336 (239/97) हैं और सहयोगी सदस्य 1150 हैं।)

नौ. निधन सूचना

कार्यकारिणी समिति को वर्ष 2017-18 के दौरान समूह के निम्नलिखित सदस्यों के दुःखद निधन की सूचना प्राप्त हुईः-

1. सुश्री जे. जयललिता, पूर्व संसद सदस्य और तमिलनाडु की मुख्यमंत्री

2. श्री जनक राज गुप्ता, पूर्व संसद सदस्य

3. श्री जी. गंगा रेड्डी, पूर्व संसद सदस्य

4. श्री अनिल माधव दवे, संसद सदस्य (राज्य सभा)

5. श्री सुल्तान अहमद, संसद सदस्य (लोक सभा)

6. श्री विनोद खन्ना, संसद सदस्य (लोक सभा)

7. श्री ईरा सेझियान, पूर्व संसद सदस्य

8. श्री संतोष मोहन देव, पूर्व संसद सदस्य

9. डॉ0 भाई महावीर, पूर्व संसद सदस्य

10. श्री वी. रामानाथन, पूर्व संसद सदस्य

11. श्री सलिल कुमार गांगुली, पूर्व संसद सदस्य

12. प्रो0 एम. जी.के. मेनन, पूर्व संसद सदस्य

13. श्री दीपेन घोष, पूर्व संसद सदस्य

14. डॉ0 मोहम्मद हाशिम किदवई, पूर्व संसद सदस्य

15. श्री प्यारीमोहन मोहपात्रा, पूर्व संसद सदस्य

16. डॉ0 दसारी नारायण राव, पूर्व संसद सदस्य

17. श्री यू. के. लक्ष्मण गौड़ा, पूर्व संसद सदस्य

18. श्री शब्बीर अहमद सलारिया, पूर्व संसद सदस्य

19. श्रीमती मोहिन्दर कौर, पूर्व संसद सदस्य

20. श्री विश्वजीत पी. सिंह, पूर्व संसद सदस्य

21. श्री अमलदत्ता, पूर्व संसद सदस्य

22. श्री कृष्णा नंद जोशी, पूर्व संसद सदस्य

23. श्रीमती जयाबेन शाह, पूर्व संसद सदस्य

24. श्री शशि भूषण, पूर्व संसद सदस्य

25. श्री राम सिंह, पूर्व संसद सदस्य

26. श्री एस. एस. कोठारी, पूर्व संसद सदस्य

27. श्री जयन्तीलाल बरौत, पूर्व संसद सदस्य

28. प्रो0 सी. लक्ष्मणा, पूर्व संसद सदस्य

29. श्री जलालुद्दीन अंसारी, पूर्व संसद सदस्य

30. श्री एम. एल. फोतेदार, पूर्व संसद सदस्य

31. श्री मिर्जा इरशाद बेग, पूर्व संसद सदस्य

32. श्री सुकोमल सेन, पूर्व संसद सदस्य

33. श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण, पूर्व संसद सदस्य

34. श्री रघुनाथ झा, संसद सदस्य (लोक सभा)

35. श्री खगेन दास, पूर्व संसद सदस्य

36. डॉ0 बल्ला बुल्ली रमैय्या, संसद सदस्य (लोक सभा)

37. श्रीमती सुशीला बंगारू लक्ष्मण, संसद सदस्य (लोक सभा)

38. श्री महेन्द्र सिंह, पूर्व संसद सदस्य

39. डॉ0 जिनेन्द्र कुमार जैन, पूर्व संसद सदस्य

दस. लेखा

31 मार्च 2018 के अनुसार समूह की प्राप्तियां और भुगतान लेखे, आय और व्यय लेखे, तुलन-पत्र, निवेश को दर्शाने वाले विवरण और लेखापरीक्षक का प्रमाण-पत्र संलग्न है **(परिशिष्ट दो से छह)**

दस. आयोजित बैठकें

एक.भारतीय संसदीय समूह की कार्यकारिणी समिति की बैठक

वर्ष 2017-18 के दौरान भारतीय संसदीय समूह की कार्यकारिणी समिति की तीन बैठकें 28 दिसम्बर, 2017, 19 जनवरी, 2018, 29 जनवरी, 2018 को हुई। बैठक में

कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का सार **परिशिष्ट-सात** में दिया गया है।

दो. भारतीय संसदीय समूह की वार्षिक साधारण बैठक

वर्ष 2017-18 के दौरान, भारतीय संसदीय समूह की वार्षिक साधारण बैठक 28 दिसम्बर 2018 हो हुई।

तीन. पुरस्कार समिति की बैठक

वर्ष 2013,2014,2015,2016 तथा 2017 हेतु ''उत्कृख़्ट संसद सदस्य'' के चयन के लिए पुरस्कार समिति की बैठक 25 जनवरी 2018 को 1600 बजे माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के आवास (20, अकबर रोड, नई दिल्ली) पर हुई थी पुरस्कार समिति ने वर्ष 2013 हेतु डॉ नजमा हेपतुल्ला, संसद सदस्य (राज्य सभा) वर्ष 2014 हेतु श्री हुक्मदेव नारायण यादव, संसद सदस्य (लोक सभा), वर्ष 2015 हेतु श्री गुलाम नबी आज़ाद, संसद सदस्य (राज्य सभा), वर्ष 2016 हेतु श्री दिनेश त्रिवेदी, संसद सदस्य (लोक सभा) और वर्ष 2017 हेतु श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य (लोक सभा) का चयन किया था। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती सुमित्रा महाजन, माननीय लोक सभा अध्यक्ष द्वारा की गई थी ।

चार. संसदीय मैत्री समूह की बैठकें

(क) **भारत-वियतनाम :** भारत-वियतनाम संसदीय मैत्री समूह की एक जानकारी बैठक डॉ के.केशव राव, संसद सदस्य (राज्य सभा) और समूह के अध्यक्ष की अध्यक्षता में मंगलवार, 2 जनवरी, 2018 को1600 बजे समिति कक्ष 'डी', संसदीय सौध में आयोजित की गई । विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि निदेशक (दक्षिण) ने भारत-वियतनाम संबंधों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर समूह के सदस्यों को संक्षिप्त जानकारी दी ।

(ख) **भारत-चीन :** भारत-चीन संसदीय मैत्री समूह की एक जानकारी बैठक श्री रमन डेका, संसद सदस्य (लोक सभा) और समूह के अध्यक्ष की अध्यक्षता में गुरूवार, 4 जनवरी 2018 को 1600 बजे समिति कक्ष 'डी', संसदीय सौध में आयोजित की गई । विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि संयुक्त सचिव (ईए) ने भारत-चीन संबंधों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर समूह के सदस्यों को संक्षिप्त जानकारी दी।

(ग) **भारत-रूसः** भारत-रूस संसदीय मैत्री समूह की एक बैठक श्रीमती हेमा मालिनी, संसद सदस्य (लोक सभा) और समूह के अध्यक्ष की अध्यक्षता में रूसी परिसंघ के कृषि मंत्रालय के उप मंत्री, श्री सर्गेई बेलेत्सकी के नेतृत्व वाले एक शिष्टमंडल के मध्य गुरूवार, 13 फरवरी 2018 को1500 बजे समिति कक्ष 'बी', संसदीय सौध में आयोजित की गई । विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि संयुक्त सचिव (ईआरएस) ने भारत-रूस संबंधों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर समूह के सदस्यों को संक्षिप्त जानकारी दी।

(घ) **भारत-कोरिया गणराज्य** : भारत-कोरिया गणराज्य संसदीय मैत्री समूह की एक बैठक श्री सुनील कुमार सिंह, संसद सदस्य (लोक सभा) और समूह के अध्यक्ष की अध्यक्षता में कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति, माननीय सोंग यांग गिल के नेतृत्व वाले कोरियाई शिष्टमंडल के साथ मंगलवार,27 फरवरी, 2018 को 1500 बजे समिति कक्ष संख्या 1, संसदीय सौध विस्तार भवन में हुई थी । विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि संयुक्त सचिव (ईए) ने सदस्यों को भारत-कोरिया गणराज्य के संबंधों के बारे में विभिन्न मुद्दों पर संक्षिप्त जानकारी दी ।

(ड) **भारत-मंगोलिया** : भारत-मंगोलिया संसदीय मैत्री समूह की एक बैठक श्री रतन लाल कटारिया, संसद सदस्य (लोक सभा) और समूह के अध्यक्ष की अध्यक्षता में मंगोलिया के रक्षा मंत्री के नेतृत्व वाले एक समूह के साथ गुरूवार, 8 मार्च, 2018 को 1700 बजे समिति कक्ष संख्या 1, संसदीय सौध विस्तार भवन में हुई थी । विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि संयुक्त सचिव (ईए) ने सदस्यों को भारत-मंगोलिया के संबंधों के बारे में विभिन्न मुद्दों पर संक्षिप्त जानकारी दी ।

नई दिल्ली; स्नेहलता श्रीवास्तव
दिसम्बर, 2018 महासचिव

परिशिष्ट-एक

संसदीय मैत्री समूह

क्रम सं	देश का नाम
1.	चीन
2.	यूरोपियन यूनियन
3.	जापान
4.	मंगोलिया
5.	कोरिया गणराज्य
6.	रूस
7.	वियतनाम

परिशिष्ट-दो

भारतीय संसदीय ग्रुप

340, संसदीय सौध, नई दिल्ली-110001

31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए प्राप्तियां और भुगतान लेखा

ब्यौरे	अनुसूची सं.	राशि (रु.) 2017-18	राशि (रु.) 2016-17
अथशेषः			
भारतीय स्टेट बैंक			
उप योग		8,294,535	83,86,606
वर्ष के दौरान प्राप्तियां			
शल्क प्राप्तियां	4	5,500	5,500
अन्य प्राप्तियां	5	2,99,586	53,55,206
वर्ष के दौरान सावधि जमा		126,548,447	8,000,000
उप योग		**126,853,533**	13,360,706
कुल		**135,148,068**	**21,747,312**
वर्ष के दौरान भुगतान			
फोटोग्राफ		235,120	1,847
जलपान और रात्रि भोज		332,098	219,708
बैंक प्रभार		863	630
विमान किराया प्रभार	6	-	623,018
महिला विधायकों का राष्ट्रीय सम्मेलन सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु मानदेय		14,741,172	4,607,574
अन्य व्यय		29,234	-
विधिक तथा व्यावसायिक प्रभार		68,441	-
सावधि जमा		11,50,00,000	80,00,000
अंतशेष		**13,04,06,928**	**13,452,777**
भारतीय स्टेट बैंक		4,741,140	8,294,535
उप योग		**4,741,140**	**8,294,535**
कुल (रु.)		**135,148,068**	**21,747,312**

ह./

भारतीय संसदीय ग्रुप

परिशिष्ट-तीन

भारतीय संसदीय ग्रुप

340, संसदीय सौध, नई दिल्ली-110001

31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार आय और व्यय लेखा

व्यय	2017-18	2016-17	आय	2017-18	2016-17
फोटोग्राफ	2,35,120	1,847	वार्षिक सदस्यता शुल्क	5,500	5,500
जलपान और रात्रि भोज	3,32,098	2,19,708	बैंक जमा पर ब्याज	8,010	21,026
बैंक प्रभार	863	630	सावधि जमा पर ब्याज	6,02,915	59,26,871
महिला विधायकों का राष्ट्रीय सम्मेलन	1,47,41,172	-	**आय के बाद शेष बचा व्यय**	**1,47,90,503**	
अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस	-	623,018			
विधिक और व्यावसायिक	68,441	**4,607,574**			
अन्य व्यय	29,234	-			
व्यय से अधिक आय	-	500,620			
	15,406,928	**5,953,397**		**15,406,928**	**5,953,397**

एस.एस. कोठारी मेहता एंड कंपनी

सनदी लेखाकार फर्म पंजीकरण सं. 000756 के लिए

नवीन अग्रवाल

साझेदार

सदस्यता सं. 094380

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः 4.10.2018

ह./-

कृते भारतीय संसदीय ग्रुप

परिशिष्ट-चार

भारतीय संसदीय ग्रुप

संसदीय सौध, कमरा सं. 340, नई दिल्ली-110001

31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र

ब्यौरे	अनुसूची सं.	2016-17	2015-16
निधि के स्रोत	1	6,06,42,929	7,54,33,432
विशेष रिजर्व	2	-	-
कुल (रु.)		6,06,42,929	7,54,33,432
निवेश			
सावधि जमा		5,50,00,000	6,65,48,447
		5,50,00,000	6,65,48,447
चालू आस्तियां			
बैंक में नकद		47,41,140	82,94,535
शोध्य टीडीएस	3	9,04,030	5,92,691
		56,45,170	88,87,226
घटाएं: चालू देयताएं			
वी.एन. गाडगिल अवार्ड		2,241	2,241
		2,241	2,241
निवल चालू आस्तियां		6,06,42,929	7,54,33,432
कुल (रु.)		6,06,42,929	7,54,33,432

लेखांकन नीतियां तथा खातों के टिप्पण
ऊपर संदर्भित अनुसूची तुलन-पत्र का अभिन्न भाग है।

एस. एस. कोठारी मेहता एंड कंपनी के लिए संबद्ध

समसंख्यक तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

सनदी लेखाकार फर्म पंजीकरण सं. 000756 एन

ह./

नवीन अग्रवाल

साझेदार

सदस्यता सं. 094380

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः 4.10.2018

ह./-

भारतीय संसदीय ग्रुप

परिशिष्ट-पांच

एस.एस.कोठारी मेहता एंड कं
चार्टर्ड अकाउंटेंट

प्लाट सं 68
ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज- तीन
नई दिल्ली-110020
दूरभाष : 91-11-46718888
ईमेल : delhi@sskmin.com
वेबसाइट: www.sskmin.com

फॉर्म सं 10बीबी

(देखें नियम 16सीसी)

आयकर अधिनियम 1981 की धारा 10(23 ग) के अधीन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन, धारा 10 (23 ग) की उप धारा (चार) अथवा उप धारा (पांच) अथवा उप धारा (छह) अथवा उप धारा (छह-क) के अंतर्गत संदर्भित किसी निधि या न्यास या संस्थान या किसी विश्वविद्यालय या किसी अन्य शैक्षणिक संस्थान या किसी अस्पताल या किसी अन्य चिकित्सा संस्थान के संबंध में

(एक) हमने 31.03.2018 को उस दिन समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए भारतीय संसदीय ग्रुप के इस पत्र के साथ संलग्न तुलन-पत्र तथा आय और व्यय लेखा का परीक्षण किया है

(दो) हम यह प्रमाणित करते हैं कि उपरोक्त तुलन-पत्र तथा आय और व्यय लेखा मुख्य कार्यालय कक्ष सं 338-340 संसदीय सौध, नई दिल्ली-11001 द्वारा अनुरक्षित लेखा-बहियों के साथ समानता रखते हैं

(तीन) (क) हमने यह समस्त और सूचना और स्पष्ट़ीकरण प्राप्त किए हैं, जो हमारी त्रस्त जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक थे।

(ख) हमारी राय में, जहां तक बही खातों के हमारे परीक्षण से पता चलता है, संबंधित न्यास के मुख्य कार्यालय संस्थान द्वारा सभी लेखा बहियां समुचित रूप से रखी गई हैं।

(ग) हमारी राय में तथा हमारे श्रेष्ठ जानकारी और विश्वास तथा हमें प्रदत्त जानकारी के अनुसार लेखाओं पर की गई टिप्पणियों के साथ पठित उपरोक्त लेखे निम्न के मामले में सत्य और समुचित मत देते हैं-

(1) तुलन-पत्र के मामले में, दिनांक 31.02.2018 को संस्थान के कार्य की स्थिति, और

(2) उपरोक्त तिथि को समाप्त हुए वित्त वर्ष के आय और व्यय के लेखे के अधिशेष के मामले में।

निर्धारित विवरण इस पत्र के साथ संलग्न हैं।

एस.एस.कोठारी मेहता एंड कं के लिए

चार्टर्ड अकाउंटेंट

फर्म की पंजीकरण सं. 000756एन

हस्ता./-

नवीन अग्रवाल पार्टनर

सदस्यता सं. 094380

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः04.10.2018

परिशिष्ट-छह

31.03.2018 की स्थिति के अनुसार

भारतीय संसदीय ग्रुप में निवेश

भारतीय स्टेट बैंक (पीएचए) में एफडी

धनराशि	जारी करने की तारीख	एफडी रसीद सं.	परिपक्व होने की तारीख
5,00,00,000/-	07.06.2016	35820538650	07.06.2019
50,00,000/-	18.05.2017	36890258084	16.05.2018
5,50,00,000/-			

परिशिष्ट- सात

वर्ष 2017-18 के लिए समूह की कार्यकारिणी समिति के महत्वपूर्ण निर्णय

दिनांक	विषय	निर्णय
28.12.2017	वर्ष 2016-17 के लिए भारतीय संसदीय समूह का वार्षिक प्रतिवेदन	समिति ने भारतीय संसदीय समूह के वर्ष 2016-17 के वार्षिक प्रतिवेदन को लेखाओं के लेखा-परीक्षित विवरणों के साथ अंगीकृत किया।
19.01.2018	राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन	समिति को 10 एवं 11 मार्च, 2018 को नई दिल्ली में भारतीय संसदीय ग्रुप के तत्वावधान में एक "राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन" के आयोजन के प्रस्ताव के संबंध में सूचित किया गया।
	भारतीय संसदीय समूह के नियमों में संशोधन	समिति ने आईपीजी के नियमों में इस संशोधन पर विचार किया तथा अनुमोदन दिया कि भारतीय संसदीय ग्रुप की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की संख्या 16 सदस्यों से बढ़ाकर 20 की जाए।
	संसदीय मैत्री समूह के नियमों में संशोधन	समिति ने अन्य देशों के साथ संसदीय मैत्री समूह के नियमों पर विचार किया तथा उनमें इस आशय का संशोधन किया कि प्रत्येक संसदीय मैत्री समूह की संरचना में सदस्यों की संख्या 22 से घटाकर 15 की जाए अर्थात् लोक सभा से 10 सदस्य और राज्य सभा से 5 सदस्य।
29.01.2018	वर्ष 2013, 2014, 2015, 2016 तथा 2017 हेतु "उत्कृष्ट संसद सदस्य" पुरस्कार प्रदान करना।	समूह के अध्यक्ष ने समिति के सदस्यों को सूचित किया कि भारतीय संसदीय ग्रुप की पुरस्कार समिति ने एकमत से वर्ष 2013, 2014, 2015, 2016 तथा 2017 हेतु "उत्कृष्ट संसद सदस्य" पुरस्कार के लिए क्रमशः डॉ0 (श्रीमती) नजमा हेपतुल्ला, संसद सदस्य (राज्य सभा), श्री हुक्मदेव नारायण यादव, संसद सदस्य (लोक सभा) , श्री गुलाम नबी आजाद, संसद सदस्य (राज्य सभा), श्री दिनेश त्रिवेदी, संसद सदस्य (लोक सभा) और श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य (लोक सभा) के नाम की सिफारिश की है। समिति ने पुरस्कार समिति की सिफारिश की स्वीकार

		किया।